NT>

<u>14.04 hrs.</u>

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at four minutes

past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Matters under Rule 377 will be treated as laid on the Table of the House.

Now the House shall take up Item No.14 on today's List of Business - Discussion under Rule 193. Shri Basu Deb Acharia.

<u>14.41/2 hrs.</u>

Title: Need for early completion of construction work of canal on the right side of Rani Awanti Bai Dam in Madhya Pradesh- Laid.

श्री रामानन्द सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर रानी अवन्ती बाई (बरगी) बांध को बने 20 र्वा से अधिक हो गये हैं, किंतु उसकी दाई नहर का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है, जिससे प्रदेश के सबसे सूखा सतना, पन्ना, कटनी, दमोह जिले के किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं उपलब्ध हो रही है। इस भू-भाग में प्रायः सूखा व अकाल पड़ता रहता है। इस नहर के निर्माण में लगभग 1800 करोड़ रूपये की राशि लगने का अनुमान है। मध्य प्रदेश सरकार ने कुछ कार्य प्रारम्भ कराया है, किंतु धनाभाव में प्रदेश सरकार दाई नहर का पूरा निर्माण कार्य करा पाने में असमर्थ है।

सुना है, जापान सरकार, भारत सरकार को सिंचाई योजनाओं के त्वरित लाभ हेतु सहायता देने को तैयार है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि बरगी बांध में जो पानी भरा पडा है, उसे विन्ध्य के सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाने हेतु बरगी बांध (रानी अवंती बाई बांध) की दाई नहर को पूरा कराने हेतु मध्य प्रदेश सरकार को जापान की सहायता दिलाने की कृपा करें।

* Treated as laid on the Table of the House.